**CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN AYURVEDIC SCIENCES**
**(Ministry of Ayush, Government of India)**
**J.L.N.B.C.A.H. Anusandhan Bhawan, No. 61-65, Institutional Area, Opp. 'D' Block, Janakpuri, New Delhi-110058**
**E-mail: dg-ccras@nic.in , Website: www.ccras.nic.in**
**Telephone: 011-28525852**

## Advertisement 2026 (June Batch)

## CCRAS Post Doctoral Fellowship Programme

1. **The Central Council for Research in Ayurvedic Sciences (CCRAS),** an autonomous body of the Ministry of Ayush, Government of India, is an apex body for the Formulation, Coordination, development and promotion of research on scientific lines in Ayurveda through its 30 Institutes across the country and also through collaborative studies with various Universities, Hospitals and Institutes. The research activities of the Council include Medicinal Plant Research (Medico-Ethno Botanical Survey, Pharmacognosy and Tissue Culture), Drug Standardization, Pharmacological Research, Clinical Research, Literary Research, Documentation and Health Care Research Programmes through various outreach activities.
2. The Council is implementing **"CCRAS Post Doctoral Fellowship Programme" (PDF)** with due Approval of Ministry of Ayush to identify promising young researchers with innovative ideas and provide them research opportunities in different multidisciplinary areas. The programme aims at facilitating their transition from mentored to independent research career. CCRAS intends to offer ten (10) such fellowships annually to promising fresh PhD/PG degree holders of Ayurveda and Ph.D. holders ofrelated science disciplines at reputed organizations like CSIR, ICMR, DBT, National Institutes, recognized Universities and National Institutions of AYUSH etc. These fellowships will be allocated by Director General, CCRAS, depending upon the needs of the Institute/Centre.
3. The theme for Post Doctoral Fellowship for the current academic year would be **"*Translational Research and Product Development in Ayurveda*".**
4. **Eligibility:**
   **(i)** CCRAS Post Doctoral Fellowship is open to Indian nationals only. The applicant should be an Indian citizen.
   **(ii)** **For Ayurveda Discipline:** Any Ph.D./PG degree holders of Ayurveda may apply within three years of award of Ph.D./PG degree but if the Ph.D./PG is continued, he/she may not apply for PDF. Any Ayurveda candidate, who has received his/her provisional Ph.D./PG degree can also apply for PDF.
   **(iii)** **For Allied Sciences Disciplines:** Any Ph.D. degree holder of Allied sciences disciplines may apply within three years of award of Ph.D. degree but if the Ph.D. is continuing**,** such candidate should may not apply for PDF. Any Allied sciences candidate, who has received his /her provisional Ph.D. degree, can also apply for PDF.
   **(iv)** Applicants should have Research publications in high impact factor SCI journals.
5. **Last date of Application:** 30th June, 2026 for June, 2026 batch.
6. **Maximum age limit:**
   **(i)** The candidate should not be more than 40 years of age on the last date of application. Maximum relaxable up to 5 years in case of SC/ST/Physically handicapped candidate and women candidates and 3 years in case of OBC (Non-Creamy Layer) candidates.
   **(ii)** For deserving candidates age can be relaxed up to maximum of 3 years based on earlier work done, publications, awards etc. Director General, CCRAS may consider and relax on the recommendation of the screening committee.
7. **Tenure:**
   CCRAS Post Doctoral Fellowship is a full-time research work for the tenure of two years and extendable for maximum one more year based on outstanding performance and recommendation from the Mentor at University/Institution/Lab where working and approval of the Director General, CCRAS.
8. **Remuneration:**
   **(i)** CCRAS Post Doctoral Fellows will be paid a consolidated fellowship of Indian Rs.60,000/- per month plus House Rent Allowance (HRA) as admissible and a contingency grant of Rs.3.00 lakh per annum.
   **(ii)** Research grant can be used for minor equipment, consumables and contingencies. There is no provision for providing manpower support under this programme. The Fellow is expected to undertake the research objectives by himself/herself during the entire duration of the fellowship.
   **(iii)** 25% of the contingency grant can be used for domestic and international travel including per diem expenses.
   **(iv)** The fellows are not eligible to receive any other fellowship from any Government or Non-Governmental source during the tenure of the fellowship.
   **(v)** The fellowship cannot be utilized for any other research work except the approved research work for the PDF proposal.
9. **How to apply:**
   Under the programme, candidates must apply online only. Hard copies or email submissions will not be accepted under any circumstances. For any difficulties encountered during the application process, candidates may contact the Council for assistance at – **ccras.pdf2023@gmail.com** or via telephone – **011-28525959**. The applicant needs to register on the CCRAS PDF Portal (pdf.ccras.org.in) in June month and then proceed to submit the form, research proposal and required documents online. The applicants may prepare all the relevant documents in hand before opening of the registration/application link (i.e.1st June, 2026).
10. **Mode of Selection:**
    After initial scrutiny of the application form and uploaded documents, the shortlisted candidates will be called upon for presentation of their proposed research proposal followed by interview by specially constituted committee. Final selection will be based on the presentation of the proposed research project followed by interview of short-listed candidates by specially constituted committee. The selected candidates for presentation/Interview will be intimated by e-mail in August, 2026.
11. No TA/DA for attending the interview be will paid.
12. Applicants shortlisted after initial scrutiny will be invited to present their work, either online or offline, depending on suitability.

**Administrative Officer (Estt.)**

# केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
नं .61-65, सांस्थानिक क्षेत्र, सम्मुख 'डी' ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058
ईमेल :dg-ccras@nic.in , वैबसाइट : www.ccras.nic.in
टेलीफ़ोन : 011-28525852


## विज्ञापन 2026 (जून बैच)

## सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप प्रोग्राम

1. **केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस)**, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार का एक शीर्ष स्वायत्त निकाय है जोकि आयुर्वेद में अपने 30 संस्थानों के माध्यम से और विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अध्ययन के माध्यम से वैज्ञानिक विधि से अनुसंधान, समन्वय, विकास और संवर्धन के लिए समर्पित है। परिषद की अनुसंधान गतिविधियों में औषधीय पादप अनुसंधान (मेडिको-एथनो बॉटनिकल सर्वे, फार्माकोग्नॉसी एंड टिश्यू कल्चर), ड्रग मानकीकरण, फार्माकोलॉजिकल रिसर्च, क्लिनिकल रिसर्च, साहित्यिक अनुसंधान, प्रलेखन और विभिन्न आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य रक्षण हेतु अनुसंधान कार्यक्रम शामिल हैं।
2. परिषद ने आयुष मंत्रालय के अनुमोदन से **"सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप प्रोग्राम"** शुरू की है, ताकि अभिनव विचारों वाले होनहार युवा शोधकर्ताओं का चयन कर उन्हें विभिन्न बहु-आयामी क्षेत्रों में प्रशिक्षण और अनुसंधान के अवसर प्रदान किए जा सकें। इस प्रोग्राम का उद्देश्य परामर्शजन्य पथ से हटकर स्वतंत्र अनुसंधान पथ निर्माण में उनके परिवर्तन को सुविधाजनक बनाना है। **सीसीआरएएस द्वारा आयुर्वेद के नए पीएचडी/पीजी डिग्री धारकों एवं सम्बंधित विज्ञान विधाओं के पीएचडी डिग्री धारकों को हर साल ऐसी दस (10) फेलोशिप देना प्रस्तावित है।** सीएसआईआर, आईसीएमआर, डीबीटी, राष्ट्रीय संस्थानों, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और आयुष के राष्ट्रीय संस्थानों आदि जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में संबंधित विज्ञान विषयों के धारकों को फैलोशिप संस्थान / केंद्र की जरूरतों के आधार पर महानिदेशक, सीसीआरएएस द्वारा आवंटित की जाएगी।
3. वर्तमान शैक्षणिक वर्ष हेतु पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप का विषय **'आयुर्वेद में रूपांतरणीय अनुसंधान एवं उत्पाद विकास'** ***("Translational Research and Product Development in Ayurveda")*** है।
4. **पात्रता:**
   (i) सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
   (ii) **आयुर्वेद विषय के लिए:** आयुर्वेद के कोई भी पीएचडी/पीजी डिग्री धारक पीएचडी/पीजी डिग्री प्राप्त करने के तीन साल के भीतर आवेदन कर सकते हैं लेकिन अगर पीएचडी/पीजी जारी है, तो वे पीडीएफ के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। कोई भी आयुर्वेद उम्मीदवार, जिसने अपनी अस्थायी पीएच.डी./पीजी डिग्री प्राप्त की है, वह भी पीडीएफ के लिए आवेदन कर सकता है।।
   (iii) **अन्य संबद्ध विज्ञान विषयों के लिए:** संबद्ध विज्ञान विषयों का कोई भी पीएचडी डिग्री धारक पीएचडी डिग्री प्राप्त करने के तीन साल के भीतर आवेदन कर सकता है। कोई भी संबद्ध विज्ञान का उम्मीदवार, जिसने अपना अस्थायी पीएच.डी. डिग्री प्राप्त कर लिया है, वह भी पीडीएफ के लिए आवेदन कर सकता है।
   (iv) आवेदकों के पास उच्च प्रभाव कारक एससीआई पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन होना चाहिए।
5. **आवेदन की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026 (जून, 2026 बैच के लिए)।**
6. **अधिकतम आयु सीमा:**
   (i) आवेदन की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों के मामले में अधिकतम 5 वर्ष एवं ओबीसी (गैर-क्रीमी परत) उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष तक की छूट होगी।
   (ii) योग्य उम्मीदवारों के लिए पूर्व में किए गए कार्य, प्रकाशन, पुरस्कार आदि के आधार पर अधिकतम 3 वर्ष तक की आयु में छूट दी जा सकती है। इस विषय में महानिदेशक, सीसीआरएएस स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिश पर विचार कर सकते हैं और छूट दे सकते हैं।
7. **कार्यकाल:**
   सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फेलोशिप दो साल के कार्यकाल के लिए एक पूर्णकालिक शोध कार्य है तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विश्वविद्यालय/संस्थान/प्रयोगशाला में उपदेशक जहां वह शोध कर रहे हैं, उनकी सिफारिश के आधार पर और महानिदेशक, सीसीआरएएस के अनुमोदन पर अधिकतम एक और वर्ष के लिए विस्तार योग्य है।
8. **पारिश्रमिक:**
   (i) सीसीआरएएस पोस्ट डॉक्टरल फेलो को भारतीय रुपये 60,000/- प्रति माह की समेकित फेलोशिप और स्वीकार्य रूप से हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और प्रति वर्ष 3.00 लाख रुपये के आकस्मिक अनुदान का भुगतान किया जाएगा।
   (ii) आकस्मिक अनुदान का उपयोग छोटे उपकरण, उपभोग्य सामग्रियों और आकस्मिकताओं के लिए किया जा सकता है। इस प्रोग्राम के तहत जनशक्ति सहायता प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है। अध्येता से अपेक्षा की जाती है कि वह अध्येतावृत्ति की पूरी अवधि के दौरान स्वयं अनुसंधान उद्देश्यों को पूरा करेगा।
   (iii) आकस्मिक अनुदान का 25% घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दैनिक खर्च सहित उपयोग किया जा सकता है।
   (iv) अध्येता फेलोशिप की अवधि के दौरान किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी स्रोत से कोई अन्य फेलोशिप प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हैं।
   (v) फेलोशिप का उपयोग पीडीएफ प्रस्ताव के लिए अनुमोदित शोध कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य शोध कार्य के लिए नहीं किया जा सकता है।
9. **आवेदन कैसे करें:**
   यह प्रोग्राम विशेष रूप से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार करता है और किसी भी प्रकार के कागज़ी दस्तावेज़ द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि आवेदन पूरा करते समय कोई कठिनाई आती है तो उम्मीदवार सहायता के लिए परिषद से संपर्क कर सकते हैं। आवेदक को जून महीने में सीसीआरएएस पीडीएफ पोर्टल (pdf.ccras.org.in) पर पंजीकरण करना होगा तत्पश्चात फॉर्म, शोध प्रस्ताव और आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे। आवेदक पंजीकरण/आवेदन लिंक (1 जून, 2026) खोलने से पहले सभी संबंधित दस्तावेज तैयार कर सकते हैं।
10. **चयन का तरीका:**
    आवेदन पत्र और अपलोड किए गए दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच के बाद, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके प्रस्तावित शोध प्रस्ताव की प्रस्तुति के लिए बुलाया जाएगा, जिसके बाद विशेष रूप से गठित समिति द्वारा साक्षात्कार किया जाएगा। अंतिम चयन प्रस्तावित अनुसंधान परियोजना की प्रस्तुति पर आधारित होगा जिसके बाद विशेष रूप से गठित समिति द्वारा लघु सूचीबद्ध उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाएगा। प्रस्तुति/साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों को अगस्त, 2026 में ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा।
11. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा ।
12. प्रारंभिक संवीक्षा के बाद चयनित आवेदकों को उनके कार्य प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जो उपयुक्तता के आधार पर ऑनलाइन अथवा ऑफ़लाइन आयोजित किया जा सकता है।

**प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना)**